उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा की कार्यसूची

## गुरूवार, 26 ज्येष्ठ, शक संवत्, 1944

( दिनांक : 16 जून, 2022 )

**समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न**

1. प्रश्न (देखिए नत्थी **"क"**)

2. निधन के निदेश।

3. संसदीय कार्य मंत्री, उत्तराखण्ड विधान सभा के वर्ष, 2022 के प्रथम सत्र में उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया एवं कार्य-संचालन नियमावली, 2005 के नियम-300 के अन्तर्गत प्राप्त सूचनाओं पर कृत कार्यवाही का विवरण, अध्यक्ष, उत्तराखण्ड विधान सभा द्वारा जारी किये गये प्रक्रिया संबंधी निदेश संख्या-14 (3) की अपेक्षानुसार सदन के पटल पर रखेंगे।

4. मुख्यमंत्री, मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 की धारा 28 की उपधारा (2) के अन्तर्गत "उत्तराखण्ड मानव अधिकार आयोग द्वारा प्रस्तुत वार्षिक/विशेष रिपोर्ट 2012-18 एवं 2018-19" को सदन के पटल पर रखेंगे।

5. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

6. श्री खुशाल सिंह अधिकारी, सदस्य, विधान सभा "जनपद-चम्पावत के विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट के अन्तर्गत विकास-खण्ड बाराकोट के सुतेड़ा से जमरेड़ी कांतेश्वर मोटर मार्ग के निर्माण के सम्बन्ध में" श्री नरेन्द्र सिंह पुत्र श्री प्रहलाद सिंह, ग्राम सुतेड़ा एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

7. श्री खुशाल सिंह अधिकारी, सदस्य, विधान सभा "जनपद-चम्पावत के विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट के अन्तर्गत विकास-खण्ड पाटी के ग्राम देवली से नौलियां गांव तक सड़क निर्माण के सम्बन्ध में" श्री गोविन्द नौलिया पुत्र श्री मोहन सिंह, ग्राम नौलिया गांव एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

8. श्री शक्ति लाल शाह, सदस्य, विधान सभा "जनपद-टिहरी गढवाल के विधान सभा क्षेत्र घनसाली के अन्तर्गत घुत्तू-पंवाली काण्ठा-त्रियुगीनारायण मोटर मार्ग निर्माण किये जाने के सम्बन्ध में" श्री केदार बर्त्वाल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य, टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

9. श्री शक्ति लाल शाह, सदस्य, विधान सभा "जनपद-टिहरी गढवाल के विधान सभा क्षेत्र घनसाली के अन्तर्गत प्रसिद्ध पर्यटक स्थल सहस्त्रताल को रोपवे मार्ग से जोड़े जाने के सम्बन्ध में" श्री केदार बर्त्वाल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य, टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

10. श्री शक्ति लाल शाह, सदस्य, विधान सभा "जनपद-टिहरी गढवाल के विधान सभा क्षेत्र घनसाली के अन्तर्गत पर्यटक स्थल पंवाली काण्ठा को पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित किये जाने के सम्बन्ध में" श्री केदार बर्त्वाल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य, टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

11. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

12. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

13. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

14. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश और भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950) (संशोधन) विधेयक, 2022 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

15. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश और भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950) (संशोधन) विधेयक, 2022 को पुरःस्थापित करेंगे।

16. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड अग्निशमन एवं आपात सेवा, अग्नि निवारण और अग्नि सुरक्षा (संशोधन) विधेयक, 2022 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

17. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड अग्निशमन एवं आपात सेवा, अग्नि निवारण और अग्नि सुरक्षा (संशोधन) विधेयक, 2022 को पुरःस्थापित करेंगे।

18. लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यम मंत्री, उत्तराखण्ड उद्यम एकल खिड़की सुगमता और अनुज्ञापन (संशोधन) विधेयक, 2022 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

19. लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यम मंत्री, उत्तराखण्ड उद्यम एकल खिड़की सुगमता और अनुज्ञापन (संशोधन) विधेयक, 2022 को पुरःस्थापित करेंगे।

20. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

21. वित्तीय वर्ष 2022-2023 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा ।

22. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

23. मुख्यमंत्री घोषणा में शामिल पीरबाबा कालोनी को रेलवे स्टेशन से जोड़ने हेतु पैदल सेतु का शासनादेश जारी कर निर्माण कार्य प्रारम्भ कराने के सम्बन्ध में श्री प्रदीप बत्रा, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 15 जून, 2022 को दी गई सूचना पर लोक निर्माण मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

24. प्रदेश में वित्तपोषित एवं वित्तविहीन अशासकीय विद्यालयों के शिक्षकों को अतिथि शिक्षकों की भांति मानदेय न मिलने से व्याप्त असन्तोष के सम्बन्ध में श्री महेश जीना, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 15 जून, 2022 को दी गई सूचना पर माननीय शिक्षा मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत केवल वक्तव्य।

**आज्ञा से,**

**देहरादून :**
**दिनांक : 15 जून, 2022**

**(मुकेश सिंघल)**
**सचिव।**

द्वितीय सत्र, 2022
का प्रथम गुरूवार

उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## गुरूवार,
## 26 ज्येष्ठ, शक संवत्, 1944
(दिनांक : 16 जून, 2022)

## नत्थी 'क'

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह<br>05.05.2022<br>श्री बृजभूषण गैरोला<br>11.05.2022 | *01. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में वनाग्नि की घटनायें लगातार बढ़ रही है ? यदि हां, तो सरकार द्वारा वनाग्नि को रोकने के लिए क्या–क्या उपाय किये गये है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्रीमती ममता राकेश<br>05.05.2022 | **स्थगित।**<br>*02. क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र भगवानपुर में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के सम्बन्ध में वित्तीय वर्ष 2017–18 के बजट भाषण में घोषणा होने के बावजूद प्रश्नगत मेडिकल कॉलेज की स्थापना के स्थान परिवर्तन पर विचार किया जा रहा है ? यदि हां, तो स्थान परिवर्तन का औचित्य क्या है तथा इस संदर्भ में प्रस्ताव किन कारणों से उपस्थित हुआ ? क्या मंत्री जी पूर्व में सदन में की कई घोषणा के ही अनुरुप जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने हेतु वित्तीय वर्ष 2022–23 में धन अवमुक्त करेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह<br>06.05.2022 | *03. क्या सहकारिता मंत्री अवगत हैं कि सहकारिता विभाग में चतुर्थ श्रेणी पदों पर भर्ती में व्यापक स्तर पर अनियमितता हुई है ? यदि हां, तो दोषियों के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई ? क्या मंत्री जी विगत तीन वर्षों से सहकारिता विभाग में की गई नियुक्तियों का विवरण सदन के पटल पर रखेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सहकारिता |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अनुपमा रावत<br>06.05.2022<br>श्री महेश जीना<br>20.05.2022 | *04. क्या वन मंत्री बताएंगे कि राज्य में जंगली जानवरों द्वारा किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाने की सूचनाएं प्राप्त हुई है ? यदि हां, तो तद्संबधी विवरण क्या है ? क्या सरकार द्वारा जिन किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा है, उन्हें मुआवजा प्रदान किया गया है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी तद्संबंधी विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्रीमती अनुपमा रावत<br>06.05.2022 | *05. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत हरिद्वार ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र में वन गुज्जरों को गांव के रुप में बसाने की योजना पर पूर्ववर्ती सरकारों ने उन्हें पुनर्वासित किया है ? क्या सरकार द्वारा ऐसे पुनर्वासित वन गुज्जरों को भूमि का मालिकाना अधिकार दे दिया गया है ? यदि नहीं, तो उन्हें यह अधिकार कब तक दिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| डॉ0 मोहन सिंह बिष्ट<br>06.05.2022 | *06. क्या वन मंत्री अवगत करायेंगे कि उत्तराखण्ड में जंगली जानवरों, बन्दरों और हाथियों द्वारा जान–माल व किसानों की फसलों को पहुँचाये जा रहे नुकसान की रोकथाम हेतु क्या–क्या उपाय किये जा रहे है ? क्या मंत्री जी अवगत हैं कि जनपद नैनीताल का लालकुआँ विधान सभा क्षेत्र तीन ओर से जंगलों से घिरा है ? क्या सरकार के पास किसानों की फसलों को बचाने हेतु पूरे क्षेत्र में सोलर फैन्सिंग, करन्ट वाली तार बाड़ और खाई खोदने की कोई कार्ययोजना है ? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| डॉ0 मोहन सिंह बिष्ट<br>09.05.2022 | **चतुर्थ सोमवार के तारांकित प्रश्न संख्या–08 में स्थानान्तरित।**<br>*07. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में विभिन्न नदियों में चुगान की रॉयल्टी की दरें किस आधार पर निर्धारित की जाती है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि चुगान की रॉयल्टी की दरें अन्य नदियों की अपेक्षा गौला नदी में सर्वाधिक क्यों है ? क्या सरकार गौला नदी से किये जाने वाले चुगान की रॉयल्टी की दरें अन्य नदियों के समान निर्धारित करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्रीमती ममता राकेश<br>09.05.2022<br>श्री भुवन चन्द्र कापड़ी<br>10.05.2022 | *08. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के कर्मचारियों एवं पेंशनधारियों की चिकित्सा सुविधा हेतु गोल्डन कार्ड योजना पूर्णतः लागू कर दी गई है ? यदि हां, तो क्या राज्य के समस्त कार्मिक/पेंशनधारी इस योजना से लाभान्वित हो रहे हैं ? यदि नहीं, तो इस असमंजस की स्थिति बने रहने के क्या कारण हैं और कब तक उक्त योजना को सुस्पष्ट तरीके से पूर्णतः लागू कर दिया जाएगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| श्री विरेन्द्र कुमार<br>09.05.2022 | *09. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि राज्य के सरकारी अस्पतालों में एंटी रैबीज इंजेक्शन का अभाव है ? यदि हां, तो सरकार राज्य के समस्त सरकारी अस्पतालों सी0एच0सी0 व पी0एच0सी0 में एंटी रैंबीज़ इंजेक्शन यथाशीघ्र उपलब्ध कराने हेतु कोई कार्य योजना बना रही है ? यदि हां, तो उस कार्य योजना का प्रारुप क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| श्री प्रीतम सिंह<br>09.05.20222 | *10. क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कौन–कौन से मेडिकल कॉलेज स्थापित हैं ? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों मे मानकों के अनुरुप सभी सुविधायें उपलब्ध है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा शिक्षा |
| श्रीमती अनुपमा रावत<br>09.05.2022 | *11. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के उच्च हिमालयी बुग्यालों में पर्यटक/ट्रेकर को कैंपिंग की अनुमति है ? यदि हां, तो गत वर्ष जिले/वन प्रभाग द्वारा कितनी अनुमतियां दी गयी ? क्या यह सत्य है कि उक्त क्षेत्रों में वर्तमान में विभाग द्वारा कैंपिंग की अनुमति प्रदान नही की जा रही है ? क्या सरकार शीघ्र ही कैंपिंग की अनुमति प्रदान करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| इंजी0 रवि बहादुर<br>09.05.2022 | *12. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में राजाजी टाइगर रिजर्व के अन्तर्गत अवस्थित ग्राम टीरा टोंगिया, ग्राम रसूलपुर टोंगिया को राजस्व ग्राम घोषित किया गया है ? यदि हां, तो वहां के क्षेत्रवासियों को क्या मूलभूत सुविधा दी जा रही हैं ? यदि नहीं, तो क्यो नहीं मिल पा रही है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि इनका विस्थापन कब तक किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्रीमती ममता राकेश<br>10.05.2022 | *13. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के विकास खण्ड भगवानपुर में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मक्खनपुर, भगवानपुर में ऑक्सीजन प्लांट बंद पड़ा है, जिसके संचालन हेतु एक आपरेटर भी रखा गया था जिसकी सेवा भी समाप्त कर दी गई है ? क्या सरकार उक्त बंद पड़े ऑक्सीजन प्लांट को पुनः सुचारु करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| श्री विरेन्द्र कुमार<br>10.05.2022 | *14. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कोविड 19 के दौरान अस्पतालों में भर्ती कितने मरीजों की ऑक्सीजन की कमी के कारण मौते हुई हैं ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बतायेंगे कि ऑक्सीजन की कमी किन कारणों से उत्पन्न हुई और इसमें संलिप्त दोषियों के विरुद्ध सरकार ने क्या कार्यवाही की ? क्या सरकार ने भविष्य में ऑक्सीजन की सुचारु आपूर्ति हेतु कोई योजना बनाई हैं ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| श्री बृज भूषण गैरोला<br>10.05.2022 | *15. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि राजाजी टाइगर रिजर्व व कार्बेट नेशनल पार्क में हाथियों, बाघों, तेंदुओं समेत तमाम वन्यजीवों के लिए गर्मी में प्राकृतिक जल स्रोतों में पानी कम होने के कारण पीने के पानी का संकट उत्पन्न हो गया है ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि वन्य जीवों के लिए पीने के पानी के लिए कुल कितने वाटरहोल बनाये गये हैं व इन वाटर होलों में पेयजल आपूर्ति की जा रही है ? क्या सरकार द्वारा पर्वतीय क्षेत्र के जंगलों में वन्यजीवों के लिए क्या चाल–खाल बनाये गये है ? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि यदि चाल–खाल बनाये गये है तो उन चाल–खाल में पीने का पर्याप्त पानी उपलब्ध है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री खजान दास<br>10.05.2022 | *16. क्या सहकारिता मंत्री अवगत हैं कि सरकार द्वारा बेरोजगारों को स्वरोजगार शुरु करने हेतु रु0 3.00 लाख एवं महिला समूहों को 10.00 लाख तक का ऋण बिना ब्याज के आंवटित किया जाता है ? क्या सहकारिता मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त ऋण केवल खसरा खतौनी अथवा धरोहर राशि जमा करने पर केवल पर्वतीय क्षेत्रों में किसान बही के आधार पर ही दिया जाता है अथवा शहरी क्षेत्र में भी प्रदान किया जाता है ? यदि उक्त ऋण शहरी क्षेत्र में निवासरत बेरोजगार एवं समूहों को भी प्रदान किया जाता है तो इस ऋण हेतु क्या शर्ते रखी हैं और अब तक कितने समूहों एवं बेरोजगारों को ऋण वितरित किया गया है ? क्या मंत्री जी इसका विवरण उपलब्ध करायेंगे ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सहकारिता |
| श्री विरेन्द्र कुमार<br>10.05.2022 | *17. क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कौन–कौन से ऐसे विकास खण्ड है जहां पर अभी तक कोई भी राजकीय इंटर कॉलेज उपलब्ध नहीं है ? क्या सरकार प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड में राजकीय इंटर कॉलेज की स्थापना हेतु नीति बनाएगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) |
| डॉ0 मोहन सिंह बिष्ट<br>11.05.2022 | *18. क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में सरकारी विद्यालयों में इण्टरमीडिएट के विद्यार्थियों को औद्योगिक शिक्षा एवं व्यक्तित्व विकास हेतु पाठयक्रम प्रारम्भ करने की कोई योजना है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) |
| श्री महेश जीना<br>13.05.2022 | *19. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र सल्ट कॉर्बेट नेशनल पार्क से जुड़ा हुआ है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि सल्ट में कुछ समय से जंगली जानवरों द्वारा स्थानीय लोगों पर प्राण घातक हमले किये गये हैं, जिससे विगत समय में कई जनहानियां हुई है ? यदि हां, तो क्या सरकार जनहानियों को देखते हुए जंगली जानवरों की रोक थाम के लिए कोई कार्ययोजना बना रही हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>17.05.2022 | *20. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में आयुष्मान कार्डधारकों से उपचार/दवा/परीक्षण इत्यादि पर लिए जाने वाले शुल्क का विवरण चिकित्सालयों के द्वारा कार्ड धारक को दिया जाता है ? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि उपचार/दवा/परीक्षण इत्यादि पर हुए व्यय बिल के कार्ड से भुगतान काटने के उपरान्त कार्ड–धारक को ली गई धनराशि से अवगत न कराये जाने के क्या कारण हैं ? क्या सरकार पारदर्शिता अथवा कार्ड–धारक की सामान्य जानकारी के लिए उन्हें कार्ड से ली गई या चुकाई गई धनराशि कार्ड–धारक को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करायेगी ? यदि हां, तो कब से ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री खुशाल सिंह अधिकारी<br>05.05.2022 | 01. क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद चम्पावत के विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट के अन्तर्गत पुल्ला, रीठा साहिब तथा बाराकोट में महाविद्यालय न होने से छात्रों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने में अत्यधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त क्षेत्रों में महाविद्यालय की स्थापना करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा |
| श्री खुशाल सिंह अधिकारी<br>05.05.2022 | 02. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद चम्पावत के विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट के अन्तर्गत विभिन्न विकास खण्डों में स्थापित राजकीय चिकित्सालयों में मानकों के सापेक्ष कार्मिकों की अत्यधिक कमी है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बतायेंगे कि उक्त क्षेत्र के राजकीय चिकित्सालयों में कार्मिकों की कमी कब तक दूर कर ली जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| श्री राजेन्द्र सिंह भण्डारी<br>05.05.2022<br>श्रीमती अनुपमा रावत<br>11.05.2022 | 03. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कोरोना काल के दौरान उपनल तथा अन्य आउटसोर्स ऐजेन्सी के माध्यम से विभिन्न चिकित्सालयों में संविदा पर लगाये गये सभी कार्मिक हटाये जाने के फलस्वरूप प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधा चरमरा गयी है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त कार्मिकों की तैनाती पुनः करने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| श्री आदेश सिंह चौहान<br>05.05.2022 | 04. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद ऊधमसिंहनगर के अन्तर्गत जसपुर विधान सभा क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बाल रोग विशेषज्ञ, सर्जन एवं ऐनेस्थेसिया के चिकित्सकों की नियुक्ति नहीं की गई है तथा जसपुर के अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रायपुर, पतरामपुर, लालपुर एवं गढ़ीनेगी में भी चिकित्सक नियुक्त नहीं है जिस कारण जनता को प्रतिदिन कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार जनहित में उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों की नियुक्ति करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| श्री प्रमोद नैनवाल<br>05.05.2022 | 05. क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र रानीखेत के अन्तर्गत राजकीय महाविद्यालय भतरौंजखान में स्नातक स्तर पर कला संकाय में शिक्षाशास्त्र, इतिहास, गृह विज्ञान तथा भूगोल विषय एवं बी0एस0सी0 के विषय संचालित नहीं है ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा उक्त महाविद्यालय में उपरोक्त विषयों को संचालित किये जाने पर विचार किया जा रहा है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यो ? | उच्च शिक्षा |
| श्री आदेश सिंह चौहान<br>05.05.2022 | 06. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार जनपद ऊधमसिंहनगर के जसपुर विधान सभा क्षेत्र में पॉलिटैक्निक कालेज खोलने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | तकनीकी शिक्षा |
| श्री भुवन चन्द्र कापड़ी<br>05.05.2022 | 07. क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक/माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों में कम्प्यूटर शिक्षा, एवं योग शिक्षा अनिवार्य है ? यदि हां, तो प्रदेश में कितने कम्प्यूटर लैब है तथा प्रदेश में दोनों विषयों में कितने शिक्षक कार्यरत् है ? क्या सरकार दोनों विषयों हेतु जनपद वार स्थापित लैब और कार्यरत् शिक्षकों का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (बेसिक/माध्यमिक) |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>06.05.2022 | 08. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री (बेसिक) अवगत है कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत रा0प्रा0 विद्यालय धोन (थौलधार) का भवन जीर्ण–शीर्ण अवस्था में हैं ? यदि हां, तो इस जीर्ण–शीर्ण विद्यालय का भवन निर्माण कब तक करवा लिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (बेसिक) |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>06.05.2022 | 09. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री (माध्यमिक) बताने का कष्ट करेंगे कि राजकीय इण्टर कालेज बनाली (चम्बा) जनपद टिहरी गढ़वाल का नाम स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी स्व. श्री मंगल सिंह मनवाल के नाम पर रखे जाने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ? क्या यह सत्य है कि श्रीमती इन्द्रादेवी धर्मपत्नी स्व0 श्री मंगल सिंह मनवाल स्वतन्त्रता सेनानी के द्वारा विद्यालय निर्माण हेतु अपनी निजी भूमि विद्यालय को दान में दे दी गई थी ? यदि हां, तो स्वतन्त्रता सेनानी स्व0 मंगल सिंह मनवाल की पुण्य स्मृति में रा0इ0का0 बनाली (चम्बा) टिहरी गढ़वाल का नाम इनके नाम पर रखा जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) |
| श्री प्रीतम सिंह<br>06.05.2022 | **द्वितीय सोमवार के अतारांकित प्रश्न संख्या–06 में स्थानान्तरित।**<br>10. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में गोल्डन फारेस्ट की कितनी भूमि है तथा उक्त भूमि की वर्तमान में क्या स्थिति है ? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि गोल्डन फारेस्ट की भूमि पर सरकार का कोई नियंत्रण है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री सुमित हृदयेश<br>06.05.2022 | 11. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार जनपद नैनीताल के विधानसभा क्षेत्र हल्द्वानी में स्थित सुशीला तिवारी अस्पताल को एम्स की तर्ज पर उच्चीकृत करने एवं अस्पताल के समीप तीमारदारों एवं रोगियों के लिए विश्रामालय का निर्माण कराये जाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| श्री राजेन्द्र सिंह भण्डारी<br>06.05.2022 | 12. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री (बेसिक) बताने का कष्ट करेंगे कि शिक्षा विभाग द्वारा कुछ प्राथमिक और अपर प्राथमिक विद्यालयों को कम छात्र सख्या के कारण बंद कर दिया गया है ? यदि हां, तो किन मानकों के अनुसार ये विद्यालय बंद किये गये हैं ? क्या सरकार भविष्य में इन मानकों में संशोधन करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (बेसिक) |
| श्री संजय डोभाल<br>06.05.2022 | 13. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र यमुनोत्री के अन्तर्गत आने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़कोट एवं चिन्यालीसौड़ में स्त्रीरोग विशेषज्ञ तथा फिजीशियन नहीं है, जिससे जनमानस को अत्यधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बतायेंगे कि उक्त केन्द्रों में स्त्रीरोग विशेषज्ञ तथा फिजीशियन की नियुक्ति कब तक कर दी जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>09.05.2022 | 14. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में स्थित वन प्रभागों में कई वर्षों से सैकड़ों लोग दैनिक मजदूरी, मस्टररोल पर निममित रूप से अपनी सेवायें दे रहे हैं? क्या यह सत्य है कि कम मानदेय पर वर्षों से कार्यरत इन दैनिक मजदूरों द्वारा अपनी जान को जोखिम में डालकर जंगलों की आग बुझाने, जंगली जानवरों से जनहानि रोकने, वन, सुरक्षा, वानिकी आदि कार्यों को कुशलतापूर्वक किया जा रहा है ? क्या सरकार अल्प मानदेय में कार्यरत इन दैनिक/कार्य प्रभारित मजदूरों को निममित करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>09.05.2022 | 15. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड के 13 जनपदों में से कुल 11 जनपदों में 12 हजार से अधिक वन पंचायते गठित हैं जिन में से आधी वन पंचायतें सक्रिय हैं ? क्या यह सत्य है कि वनों के संरक्षण एवं सम्वर्द्धन में वन पंचायत सरपंचों व वन पंचायतों का अहम योगदान है ? क्या सरकार वन पंचायतों को सशक्त करने व उनसे सम्बन्धित समस्याओं के निस्तारण के लिए पूर्व की भांति वन पंचायत सलाहकार परिषद का गठन करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>09.05.2022 | 16. क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत विकासखण्ड जौनपुर में स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय खाद की स्थापना 1998–1999 में की गई थी ? क्या यह सत्य है कि इस विद्यालय के छात्रों को जूनियर स्तर की शिक्षा ग्रहण करने हेतु 5 से 6 किमी0 दूर जाना पड़ता है ? क्या रा0प्रा0वि0 खाद (जौनपुर) का उच्च प्राथमिक विद्यालय स्तर में उच्चीकरण किया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (बेसिक) |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>09.05.2022 | 17. क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत राजकीय महाविद्यालय कमान्द स्नातक तक ही संचालित है तथा स्नातक शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात छात्र–छात्राओं बादसाही थौल, ऋषिकेश या उत्तरकाशी में स्नातकोत्तर की शिक्षा हेतु जाना पड़ता है ? यदि हां, तो क्या सरकार छात्र–छात्राओं के तथा अभिभावकों की सुविधा हेतु राजकीय महाविद्यालय कमान्द का स्नातकोत्तर स्तर पर उच्चीकरण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 मोहन सिंह बिष्ट<br>09.05.2022 | 18. क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य सरकार द्वारा राजकीय इण्टरमीडिएट विद्यालयों में बच्चों को कम्प्यूटर शिक्षा प्रदान करने हेतु पूर्व में कम्प्यूटर क्रय किये गये थे ? क्या यह सत्य है कि कम्प्यूटर अध्यापकों की नियुक्ति न होने से कम्प्यूटर निष्प्रयोज्य पड़े है तथा खराब होने की स्थिति में है ? क्या सरकार समय की मांग को देखते हुए उत्तराखण्ड में कम्प्यूटर शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु कम्प्यूटर शिक्षकों की नियुक्ति शीघ्र करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) |
| श्रीमती ममता राकेश<br>09.05.2022<br>श्री भुवन चन्द्र कापड़ी<br>10.05.2022 | 19. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि राज्य के कर्मचारियों को ओ.पी.डी. के चिकित्सा प्रतिपूर्ति के देयक प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित होने के उपरान्त भी सी.जी.एच.एस. की अधिसूचित दरों पर राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा भुगतान हेतु स्वीकृत नही किए जा रहे है ? क्या मंत्री जी स्वास्थ्य प्राधिकरण को निर्देश देंगे कि प्राधिकरण चिकित्सा व्यय की दरें स्वयं अधिसूचित कर समयबद्ध तरीके से चिकित्सा प्रतिपूर्ति के देयकों का भुगतान सुनिश्चित करेंगे ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| श्रीमती ममता राकेश<br>09.05.2022 | 20. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान वर्ष में वनाग्नि से अब तक कुल कितने नुकसान का अनुमान है ? क्या वन मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि वनाग्नि को रोकने हेतु सरकार ने तात्कालिक एवं दीर्घकालिक क्या–क्या योजना बनाई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्रीमती अनुपमा रावत<br>09.05.2022 | 21. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त हो सरकार ऐसी किसी नीति पर काम कर रही है ? यदि हां, तो तद्संबंधी विवरण क्या है ? क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि हरिद्वार जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए कुछ कन्या महाविद्यालय स्वीकृत किये जाएंगे ? यदि हां, तो हरिद्वार जनपद के बहादरपुरजट एवं लालढांग में कन्या महाविद्यालय कब तक खोल दिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा |
| श्रीमती अनुपमा रावत<br>09.05.2022 | 22. क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि महिला साक्षरता को प्रोत्साहित करने के प्रस्ताव पर सरकार काम कर रही है तथा जनपद वार हाईस्कूल, इण्टर शिक्षा ग्रहण कर रही बालिकाओं का विवरण किस प्रकार है ? क्या सरकार का ऐसे जनपदों में जहां बालिका शिक्षा का स्तर अपेक्षाकृत कम है, वहां नये कन्या हाईस्कूल खोलने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) |

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 रवि बहादुर<br>09.05.2022 | 23. क्या विद्यालय शिक्षा मंत्री (बेसिक) बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के ज्वालापुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षक पर्याप्त मात्रा में है ? यदि हां, तो उक्त विद्यालयों में कितने शिक्षक कार्यरत है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (बेसिक) |
| श्री खजान दास<br>09.05.2022 | 24. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के मसूरी नगर पालिका क्षेत्र में वन विभाग द्वारा कुछ क्षेत्र अधिसूचित क्षेत्र घोषित है और कुछ क्षेत्र विमुक्त क्षेत्र घोषित है ? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि नगर पालिका क्षेत्र मसूरी में यह व्यवस्था किस तिथि से लागू हुई है और क्या वर्तमान में भी यह व्यवस्था मसूरी नगर पालिका क्षेत्र में लागू है तथा मसूरी नगर पालिका क्षेत्र में कौन–कौन से क्षेत्र अधिसूचित क्षेत्र एवं कौन–कौन से क्षेत्र विमुक्त क्षेत्र घोषित है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि वर्तमान में मसूरी नगर पालिका क्षेत्र में वन विभाग द्वारा अधिसूचित क्षेत्रों में अधिसूचित क्षेत्र घोषित होने के बाद भी इन क्षेत्रों में आवासीय अथवा व्यवसायिक भवनों के नवनिर्माण अथवा जीर्णोद्धार हेतु वन विभाग द्वारा कोई अनुमति प्रदान की गयी है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी वर्षवार दी गयी अनुमति एवं इस सबंध में भारत सरकार द्वारा जारी अनुमति संबंधी शासनादेश की प्रति सदन के पटल पर रखेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री विरेन्द्र कुमार<br>10.05.2022 | 25. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कोविड 19 से उत्तराखण्ड राज्य में अब तक कितने लोगों की मृत्यु हुई है ? क्या सरकार कोविड 19 के मृतकों के परिवारों को कोई राहत राशि देने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कितनी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| श्री बृज भूषण गैरोला<br>10.05.2022 | 26. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि वन विकास निगम में पिछले बीस वर्षों से कर्मचारियों की नई भर्ती नहीं हुई हैं ? क्या यह सत्य है कि वन निगम कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा है ? क्या मंत्री जी अवगत हैं कि वर्ष 2007 में निगम का ढांचा बना लेकिन सेवा नियमावली आज तक नहीं बनी है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि वन निगम में सेवा नियमावली का प्रख्यापन एवं नई नियुक्तियां कब तक कर ली जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री बृज भूषण गैरोला<br>10.05.2022 | 27. क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि शहीद दुर्गामल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोईवाला की स्थापना 10 अगस्त 2001 को कला संकाय के 08 विषयों के साथ हुई थी तथा महाविद्यालय में कला स्नातकोत्तर के साथ विज्ञान एवं वाणिज्य स्नातक स्तर के पठन–पाठन की अनुमति हैं ? क्या यह सत्य है कि स्थानीय जनता द्वारा विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में स्नातकोत्तर कक्षाओं के संचालन की मांग लगातार कई वर्षो से की जा रही है ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि महाविद्यालय में स्नातकोत्तर कक्षाओं में विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय संचालन करने की स्वीकृति कब तक प्रदान की जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा |
| श्रीमती अनुपमा रावत<br>10.05.2022 | 28. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार में कितनी आबादी पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित है ? क्या सरकार हरिद्वार ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत लालढांग व फेरुपुर क्षेत्र में उच्च सुविधा युक्त स्वास्थ्य केन्द्र खोलेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>10.05.2022 | 29. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, थत्यूड़ जौनपुर, टिहरी गढ़वाल में स्थापित अल्ट्रासाउण्ड मशीन बिना चिकित्सक के वर्षो से निष्प्रयोज्य पड़ी हुई है ? क्या यह सत्य है कि सबसे बड़े व सुदूर क्षेत्र में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अल्ट्रासाउण्ड संचालनकर्ता चिकित्सक के अभाव में लोगों को मसूरी या देहरादून आना–जाना पड़ता है ? यदि हां, तो उक्त केन्द्र में चिकित्सक की तैनाती की जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| श्री विरेन्द्र कुमार<br>10.05.2022 | 30. क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में छात्र/छात्राओं के हित में सरकार प्रत्येक विकास खंड में छात्र/छात्राओं हेतु आवासीय विद्यालय खोलने की क्या कोई योजना बना रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) |
| श्री विरेन्द्र कुमार<br>10.05.2022 | 31. क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक )मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के झबरेड़ा विधान सभा क्षेत्र में शिक्षा को सुदृढ़ करने हेतु प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर सरकार द्वारा उप पुस्तकालय स्थापित करने की कोई योजना हैं ? यदि हां, तो उप पुस्तकालय कब तक स्थापित किये जायेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती ममता राकेश<br>11.05.2022 | 32. क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र भगवानपुर के ग्राम चूड़ियाला–मोहनपुर में विगत कई वर्ष से स्व0 बाबू कालीराम राकेश डिग्री कालेज संचालित किया जा रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार क्षेत्रवासियों की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए उपरोक्त डिग्री कालेज में स्नातकोत्तर के कक्षाओं के संचालन की स्वीकृति प्रदान करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा |
| श्री विरेन्द्र कुमार<br>11.05.2022 | 33. क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक/बेसिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि शिक्षा विभाग में विधवा/परित्यक्ता/तलाकशुदा शिक्षिकाओं हेतु उनकी स्थानांतरण नीति में छूट का प्रावधान है ? यदि हां, तो किस प्रकार की छूट का प्रावधान है ? क्या सरकार द्वारा विधुर शिक्षकों हेतु भी स्थानांतरण नीति में छूट का प्रावधान किया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक/बेसिक) |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>11.05.2022 | 34. क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत समग्र शिक्षा अभियान के तहत पिछले पांच वर्षों में विद्यालय भवन सुदृढ़ीकरण कार्ययोजना के तहत किन–किन (माध्यमिक–उच्च माध्यमिक) विद्यालयों मे कक्षा–कक्ष, प्रयोगशाला, कम्प्यूटर कक्ष, पुस्तकालय कक्ष, आर्ट/क्राफ्ट कक्ष, बालक–बालिका शौचालय, पेयजल, वृहद मरम्मत, रैंप और विद्युतीकरण आदि की व्यवस्था करायी गयी है ? क्या सरकार बतायेगी कि सम्पादित कार्यों पर मदवार व योजनावार कुल कितनी धनराशि व्यय की गयी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>11.05.2022 | 35. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत धनोल्टी–मोरियाणा–खाद–नागटिब्बा वन मोटरमार्ग लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरित कर मोटरमार्ग निर्माण की मांग स्थानीय जनता व जनप्रतिनिधियों के द्वारा लम्बे समय से की जा रही है ? क्या यह सत्य है कि इस मोटरमार्ग के निर्माण से लगभग तीन दर्जन से अधिक गांवों को मोटरमार्ग का लाभ मिलेगा तथा कृषि/औद्यानिकी पर लगे काश्तकारों को भारी लाभ प्राप्त होगा ? यदि हां, तो क्या सरकार धनोल्टी–मोरियाणा–खाद–नागटिब्बा मोटर वन मार्ग को लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरित कर निर्माण करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>12.05.2022 | 36. क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत राजकीय इण्टर कॉलेज धनोल्टी (चूलीसैंण) में केवल विज्ञान वर्ग होने के कारण कला वर्ग के विषयों का अध्ययन करने वाले छात्र–छात्राओं को अन्य कॉलेजों में जाना पड़ता है ? क्या सरकार उक्त कॉलेज में कला वर्ग (संकाय) के विषयों का संचालन करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>12.05.2022 | 37. क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक / बेसिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी में कुल कितने प्राथमिक विद्यालय, रा0उच्च प्राथमिक विद्यालय, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा राजकीय इण्टरमीडिएट कालेज भवन विहीन है या भवन क्षतिग्रस्त है ? क्या सरकार इन भवन विहीन व क्षतिग्रस्त भवनों का निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक / बेसिक) |
| इंजी रवि बहादुर<br>12.05.2022 | 38. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के ज्वालापुर विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राजाजी टाइगर रिजर्व के वन गुर्जरों की संख्या कितनी है तथा उनका पुनर्वास कब तक किया जाएगा ? क्या मंत्री जी अवगत हैं कि वर्ष 2017 में वन गुर्जरों को निर्वासित किया गया था, जिसके बाद से वन गुर्जर खानाबदोशियों की तरह नदियों किनारे जीवन यापन कर रहे है ? यदि हां, तो सरकार इन वन गुर्जरों का पुनर्वास कब तक कराएगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री विक्रम सिंह नेगी<br>12.05.2022 | 39. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र प्रतापनगर के अन्तर्गत ओखलाखाल पॉलीटैक्निक के भवन का निर्माण अवशेष धनराशि अवमुक्त न होने के कारण पूरा नहीं हो पाया है? यदि हां, तो ओखलाखाल पॉलीटैक्निक के भवन निर्माण हेतु कब तक अवशेष धनराशि अवमुक्त की जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | तकनीकी शिक्षा |
| इंजी रवि बहादुर<br>12.05.2022 | 40. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र ज्वालापुर के अंतर्गत आने वाले सरकारी अस्पताल व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो की संख्या कितनी हैं ? क्या इन अस्पतालों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सक और स्टाफ पर्याप्त संख्या में तैनात है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| श्री विकम सिंह नेगी<br>12.05.2022 | 41. क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक/माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र प्रतापनगर के अन्तर्गत कितने विद्यालय भवनों का निर्माण कार्य धनराशि जारी न होने के कारण पूरा नहीं हो पाया है ? क्या मंत्री जी ऐसे विद्यालयों का नाम सहित विवरण सदन के पटल पर रखेंगे ? क्या सरकार इन विद्यालय भवनों के निर्माण हेतु धनराशि जारी करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (बेसिक/माध्यमिक) |
| श्री विकम सिंह नेगी<br>12.05.2022 | 42. क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र प्रतापनगर के अन्तर्गत राजकीय इण्टर कॉलेज गरवाण गांव एवं राजकीय इण्टर कॉलेज देवताधार ओण के भवन के निर्माण की शेष धनराशि अवमुक्त न होने के कारण कार्य पूरा नहीं हो पाया है ? यदि हां, तो सरकार राजकीय इण्टर कॉलेज गरवाण गांव एवं देवताधार ओण के भवन निर्माण हेतु अवशेष धनराशि कब तक अवमुक्त की करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>13.05.2022 | 43. क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत राजकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय मंजगांव, वि0ख0 जौनपुर में प्रधानाध्यापक, गणित तथा विज्ञान के पद रिक्त चल रहे हैं? क्या सरकार छात्र–छात्राओं हित में उक्त रिक्त पदों पर नियुक्ति करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) |
| श्री विक्रम सिंह नेगी<br>13.05.2022 | 44. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र प्रतापनगर के अन्तर्गत काण्डीखाल पॉलीटैक्निक के भवन के निर्माण की कार्य प्रगति अत्यन्त धीमी गति से चल रही है ? यदि हां, तो काण्डीखाल पॉलीटैक्निक के भवन निर्माण कार्य में हो रही देरी के क्या कारण है ? क्या सरकार निर्माण कार्य में देरी के लिए जिम्मेदार दोषियों पर कार्यवाही करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | तकनीकी शिक्षा |
| श्री महेश जीना<br>13.05.2022 | 45. क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक/बेसिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट में कुल कितने राजकीय प्राथमिक विद्यालय, राजकीय जूनियर हाई स्कूल, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व राजकीय इण्टर कालेज स्थापित है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त विद्यालयों में शिक्षकों के कुल कितने पद स्वीकृत हैं, और स्वीकृत पदों के सापेक्ष कुल कितने पद रिक्त है ? क्या सरकार छात्र हितों को दृष्टिगत रखते हुए शीघ्र ही रिक्त पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक/बेसिक) |

| | | |
|---|---|---|
| श्री उमेश कुमार<br>13.05.2022 | 46. क्या सहकारिता मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में किस नियमावली के अंतर्गत पैक्स कर्मचारियों का स्थानांतरण किया जा रहा है ? क्या पैक्स कर्मचारियों का सचिव कैडर से वेतन आहरण किया जा सकता है ? मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि क्या प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत कर्मचारियों का स्थानांतरण किया जा सकता है ? यदि हां, तो प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत कर्मचारियों की समय अवधि क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार में कार्यरत पैक्स कर्मचारियों की वरिष्ठता सूची बनी है ? यदि हां, तो सरकार उसका विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सहकारिता |
| श्री उमेश कुमार<br>17.05.2022 | 47. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य सरकार द्वारा संचालित की जा रही अटल आयुष्मान योजना के अन्तर्गत ओ0पी0डी0 सुविधा कब तक लागू की जायेगी ? क्या सरकार इसका विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| श्री उमेश कुमार<br>17.05.2022 | 48. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र खानपुर के अन्तर्गत सी0एच0सी0 सेन्टर का उच्चीकरण करने के साथ 24 घंटे डॉक्टर की तैनाती व आपातकालीन सेवा, महिला प्रसूति हेतु सम्पूर्ण सुविधायें तथा एम्बुलेंस आदि की सुविधायें कब तक उपलब्ध करा दी जायेंगी ? क्या सरकार इसका विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| श्री विक्रम सिंह नेगी<br>17.05.2022 | 49. क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र प्रतापनगर के अन्तर्गत प्रतापनगर में स्वीकृत राजीव गांधी अभिनव आवासीय विद्यालय की प्रशासनिक स्वीकृति 2016 में प्रदान की गई थी किन्तु अभी तक वित्तीय स्वीकृति न मिलने के कारण यहां पर कक्षायें संचालित नहीं हो पायी हैं ? यदि हां, तो कब तक उपरोक्त विद्यालय को वित्तीय स्वीकृति मिलेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) |
| श्री विक्रम सिंह नेगी<br>17.05.2022 | 50. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र प्रतापनगर के केमुण्डाखाल में मुख्यमंत्री घोषणा (494/2013) के अन्तर्गत स्वीकृत वन विश्राम भवन का निर्माण धनराशि न मिलने के कारण अपूर्ण है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बतायेंगे कि कब तक वन विश्राम भवन के निर्माण के लिए शेष धनराशि जारी की जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>17.05.2022 | 51. क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि माध्यमिक शिक्षा अनुभाग–1 उत्तराखण्ड शासन के आदेश दिनांक 07.01.2022 सामान्य शिक्षा संवर्ग विभागीय चयन समिति के उपरान्त प्रधानाचार्य के पदोन्नत के कुल पदों में से 05 ऐसे पदोन्नत प्रधानाचार्यो को तैनाती स्थल आवंटित किये गये जहां पर पूर्व से ही प्रधानाचार्य कार्यरत है ? क्या यह सत्य है कि उपरोक्त पदोन्नत 05 प्रधानाचार्यो के द्वारा ऐसी स्थिति में आतिथि तक कार्यभार ग्रहण नहीं किया गया ? क्या यह भी सत्य है कि योगदान अथवा कार्यभार ग्रहण न करने के फलस्वरुप पदोन्नत प्रधानाचार्यो को पदोन्नति का लाभ नहीं मिल पा रहा है ? क्या सरकार योगदान से वंचित ऐसे पदोन्नत प्रधानाचार्यो का तैनाती आदेश संशोधन करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) |
| श्री विक्रम सिंह नेगी<br>18.05.2022 | 52. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र प्रतापनगर में स्वीकृत ए0एन0एम0 ट्रेनिंग सेन्टर के भवन निर्माण एवं पठन–पाठन का कार्य आरम्भ नहीं हो पाया है जबकि उद्यान विभाग की 66 नाली भूमि ए0एन0एम0 ट्रेनिंग सेन्टर के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग को 2015 में ही स्थानान्तरित हो गयी थी ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बतायेंगे कि उपरोक्त ट्रेनिंग सेन्टर के भवन निर्माण का कार्य एवं पठन–पाठन कब तक प्रारम्भ होगा ? यदि नहीं, तो क्यों? | चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा |
| श्री मयूख महर<br>18.05.2022 | 53. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ स्थित एल0एस0एम0 महाविद्यालय को सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय का कैम्पस बनाने हेतु जनता, जन प्रतिनिधि , छात्र छात्राओं से विचार विमर्श किया गया है ? क्या मंत्री जी अवगत हैं कि उक्त महाविद्यालय में वर्तमान में लगभग 7800 छात्र–छात्राएं अध्ययनरत हैं, उनके भविष्य के प्रति सरकार द्वारा कोई योजना/नीति बनाई है ? यदि हां, तो क्या ? क्या सरकार जनता/छात्रों की मांग पर उक्त महाविद्यालय की स्थिति पूर्ववत बनाये रखेगी ? यदि हां, तो कब तक कैम्पस का शासनादेश निरस्त करेगी नहीं, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मयूख महर<br>19.05.2022 | 54. क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि पिथौरागढ़ जनपद हेतु वर्ष 2016 में स्वीकृत मेडिकल कॉलेज जिसका शिलान्यास तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा दिनांक 23.12.2016 को एवं वर्तमान प्रधानमंत्री द्वारा दिनांक 28.12.21 को किया जा चुका है और जिसमें तीन वर्ष पूर्व प्रिंसिपल की नियुक्ति की गयी है, का निर्माण कार्य आज की तिथि तक प्रारम्भ नहीं किया गया है ? क्या सरकार पिथौरागढ़ में मेडिकल कालेज खोलने हेतु गम्भीर है ? यदि हां, तो मेडिकल कॉलेज के निर्माण का कार्य कब तक प्रारम्भ होगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा शिक्षा |
| श्री मयूख महर<br>19.05.2022 | 55. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ हेतु स्वीकृत बेस अस्पताल का निर्माण पूर्ण हो चुका है ? क्या सरकार इस बेस अस्पताल का संचालन विधिवत करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? क्या यह सत्य है कि वर्तमान में उक्त बेस अस्पताल में एक मात्र आयुर्वेदिक चिकित्सक नियुक्त है ? यदि हां, तो क्या सरकार व्यापक जनहित में अन्य चिकित्सकों की भी नियुक्ति करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| श्री विक्रम सिंह नेगी<br>19.05.2022 | 56. क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के प्रतापनगर विधान सभा के अन्तर्गत लम्बगांव डिग्री कॉलेज में बी.एड. कॉलेज के भवन का निर्माण कार्य विगत 10 वर्षों से चल रहा, किन्तु अभी तक भवन का निर्माण पूरा नहीं हो पाया है ? यदि हां, तो मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि भवन का निर्माण कब तक पूर्ण हो जायेगा ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि भवन के निर्माण कार्य में देरी का क्या कारण है ? क्या भवन निर्माण में हुए विलम्ब के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी ? यदि नहीं, क्यों ? | उच्च शिक्षा |
| श्री महेश जीना<br>20.05.2022 | 57. क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री अवगत है, कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत राजकीय इण्टर कालेज गुमटी में इण्टर स्तर पर हिन्दी व समाजशास्त्र जैसे महत्वपूर्ण विषयों के पद सृजित नहीं है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी इस बात से अवगत है कि राजकीय इण्टर कालेज, गुमटी, इण्टर स्तर पर वर्ष 1980 से संचालित हो रहा है, वर्तमान में भी हिन्दी व समाजशास्त्र विषयों में वित्त विहीन मान्यता प्राप्त है, जिसके कारण विद्यालय को उक्त विषयों के संचालन में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है ? क्या सरकार छात्र हितों को दृष्टिगत रखते हुए राजकीय इण्टर कॉलेज गुमटी में हिन्दी व समाजशास्त्र के विषयों के पद सृजित करने की स्वीकृति प्रदान करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) |

| | | |
|---|---|---|
| श्री महेश जीना<br>20.05.2022 | 58. क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक/माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र सल्ट में ऐसे कुल कितने राजकीय प्राथमिक विद्यालय, राजकीय जूनियर हाईस्कूल, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व राजकीय इण्टर कालेज है जो वर्तमान में भवन विहीन है ? क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत है कि विद्यालय का भवन न होने से अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को अत्यधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है ? क्या सरकार छात्र हितों को दृष्टिगत रखते हुए भवन विहीन विद्यालयों में नये भवनों का शीघ्र निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (बेसिक/माध्यमिक) |
| श्री मयूख महर<br>20.05.2022 | 59. क्या वन मंत्री बतायेंगे कि विगत 06 वर्षो में पिथौरागढ़ में वन्य पशुओं द्वारा कितने लोगो का घायल किया/मारा गया तथा कितने घायल/मृत व्यक्तियों को मुआवजा दिया गया है? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि वन्य पशुओं के हमलों में मारे गये/घायल व्यक्तियों को मुआवजा देने हेतु कोई नियमावली है ? क्या यह सत्य है कि गत सरकार में बाघ द्वारा मारे गये भूपेन्द्र सिंह सौन तथा देवराज सिंह को मुआवजा न मिलने पर तत्कालीन मा0 सदस्य द्वारा प्रकरण सदन में उठाया गया था ? क्या सरकार बाघ के हमले में मृत भूपेन्द्र सिंह सौन तथा देवराज सिंह के परिवारों को नियमानुसार मुआवजा देगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>20.05.2022 | 60. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में ऐसे महिला/ पुरूष या बच्चे जिनका कि किसी कारणवश आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड बहुत बार प्रयासों के बावजूद भी नहीं बन पा रहा हो और कार्ड के अभाव में सरकार के द्वारा अनुमन्य लाभ से वंचित हो रहे हों तो, ऐसे वंचितों के लिए सरकार द्वारा अनुमन्य लाभ प्रदान किये जाने की क्या कोई व्यवस्था की गई हैं ? क्या सरकार प्रदेश भर में आने वाली उक्त समस्या का निस्तारण कर अनुमन्य लाभ दिए जाने के लिए कोई मार्ग निर्देश या शासनादेश जारी करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| श्री आदेश सिंह चौहान<br>23.05.2022 | 61. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि राष्ट्रीय मिशन योजना के अन्तर्गत संविदा में कार्यरत 32 होम्योपैथिक बहुउद्देशीय कर्मियों को अप्रैल, 2011 से अक्टूबर, 2012 तक मानदेय एरियर का भुगतान अभी तक नहीं हो पाया है ? क्या यह सत्य है कि मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तराखण्ड ने उक्त अवशेष धनराशि का भुगतान होम्योपैथिक विभाग से करने हेतु पत्र लिखा था ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी इन अल्पभोगी संविदा कार्मिकों के लम्बित एरियर का भुगतान विभाग से करायेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मयूख महर<br>23.05.2022 | 62. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पिथौरागढ़ के इन्जीनियरिंग कॉलेज हेतु स्वीकृत कॉलेज परिसर का निर्माण निर्धारित मढ नामक स्थान पर हो चुका है ? यदि हां, तो इन्जीनियरिंग कालेज निर्माण में अब तक कुल कितना धन व्यय किया जा चुका है ? क्या यह सत्य है कि सरकार इस परिसर में पठन पाठन का कार्य प्रारम्भ न कर शहर में स्थित के0एन0यू0 इण्टर कॉलेज के परिसर में इस कालेज का संचालन करना चाहती है ? यदि हां, तो स्वीकृत परिसर के निर्माण के उपरान्त कॉलेज को अन्यत्र ले जाने का क्या औचित्य है ? क्या सरकार व्यापक जनहित मे मढ़ नामक स्थान पर ही इन्जीनियरिंग कॉलेज बनाने तथा छात्रों के पठन –पाठन करने पर विचार करेंगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | तकनीकी शिक्षा |
| श्री मयूख महर<br>23.05.2022 | 63. क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री अवगत करायेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में नर्सिंग कॉलेज परिसर का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है ? यदि हां, तो निर्माण कार्य में कुल कितनी धनराशि व्यय की गयी है तथा इस परिसर को पूर्ण निर्मित हुये कितने वर्ष व्यतीत हो चुके है ? क्या यह सत्य है कि इस परिसर में अभी तक पठन पाठन कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है ? क्या सरकार उक्त परिसर में पठन पाठन प्रारम्भ करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा शिक्षा |
| श्री मयूख महर<br>24.05.2022 | 64. क्या विद्यालय शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री अवगत करायेंगे कि मुख्यमंत्री द्वारा वित्तीय वर्ष 2012–2013 में पिथौरागढ़ में पुस्तकालय बनाने की घोषणा की गई थी? क्या सरकार पिथौरागढ़ में उक्त घोषणा के अनुरूप पुस्तकालय का निर्माण करायेगी तथा पुस्तकालय में पुस्तकालयाध्यक्ष तथा नवीनतम पुस्तकों की व्यवस्था की जायेगी, यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) |
| श्रीमती रेनू बिष्ट<br>25.05.2022 | 65. क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक / बेसिक) मंत्री बतायेंगे कि जिला पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर के अन्तर्गत विद्यालयों में अध्यापकों की कमी व विद्यालय में भवनों के पुनर्निर्माण न होने से विद्यार्थियों को अत्यधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है ? यदि हां, तो मंत्री जी उक्त क्षेत्र में शिक्षा संबंधी समस्या के निवारण हेतु कोई योजना बना रहे हैं ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी उस कार्य योजना का विवरण सदन के पटल पर रखेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक / बेसिक) |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती शैलारानी रावत<br>25.05.2022 | 66. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद रुद्रप्रयाग के विधान सभा क्षेत्र केदारनाथ के चिकित्सालयों में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी अवगत हैं कि केदारनाथ विधान सभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा न होने के कारण आम जनता को बेस अस्पताल श्रीनगर, ऋषिकेश या देहरादून जाना पड़ता है, जिससे क्षेत्रवासियों को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि सरकार केदारनाथ विधान सभा क्षेत्र प्रमुख चिकित्सालय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अगस्त्यमुनि, एलोपैथिक चिकित्सालय गुप्तकाशी एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ऊखीमठ में सम्पूर्ण सुविधाओं/सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए प्रयास करेगी ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| श्री संजय डोभाल<br>25.05.2022 | 67. क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री अवगत हैं कि यमुनोत्री विधानसभा के अन्तर्गत बनचौरा (विजोटी) हेतु स्वीकृत राजीव गाँधी नवोदय विद्यालय वर्तमान में चिन्यालीसौड़ में संचालित किया जा रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार बनचौरा विजोटी के भवन निर्माण पर विचार कर रही है ? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि सरकार इस विद्यालय को कब से बनचौरा विजोटी में संचालित करना प्रारम्भ कर देगी, साथ ही वहां कब तक विद्यालय भवन अस्तित्व में आ जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) |
| श्री मयूख महर<br>26.05.2022 | 68. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में विगत 10 वर्षो से वन्य जीव हिंसा में कितने व्यक्तियों व मवेशियों की जान गयी या घायल हुये ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि इनमें से कितने मृतक/घायलों को कितना मुआवजा दिया गया व अब तक कितने मामले शेष है ? क्या सरकार मुआवजा से वंचित रह गये लोगों को मुआवजा देगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री फकीर राम टम्टा<br>27.05.2022 | 69. क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक/माध्यमिक) मंत्री बतायेंगे कि सरकार द्वारा शिक्षा नीति के अन्तर्गत विद्यालयों में शिक्षकों की कमी के दृष्टिगत जनपद पिथौरागढ़ के विधान सभा क्षेत्र गंगोलीहाट के विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति के लिए क्या कार्यवाही की जा रही है ? यदि हां, तो शिक्षकों की नियुक्ति कब तक होगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (बेसिक/माध्यमिक) |